2083

भारत INDIA NON JUDICIAL

Rs.5000

पाँच हजार रुपये

FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

H 228989


. 1 .

विक्रय पत्र

लेखपत्र का संक्षिप्त विवरण

उपनिबन्धक कार्यालय सरधना (मेरठ)।

1. भूमि का प्रकार (कृषि/आवासीय/वाणिज्यिक/औद्योगिक/अन्य): कृषि भूमि परन्तु निम्न भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ विक्रय की जा रही है अतः आवासीय निर्धारित दर पर स्टाम्प अदा किया जा रहा है।
2. सर्किल रेट सूची क्रमांक 1
3. सर्किल रेट सूची के अनुसार निर्धारित सर्किल रेट 3000/-रूपये प्रति वर्ग मीटर
4. प्रतिफल की धनराशि अंकन 1,80,000/- रूपये
5. सर्किल रेट अनुसार कीमत अंकन 1,80,000/-रूपये
6. ग्राम पाटोली परगना दौराला
7. सम्पत्ति का विवरण (सम्पत्ति नं0) भूमि खसरा नम्बर 1590/1
8. मापन की इकाई (हैक्टेयर/वर्ग मीटर): हैक्टेयर
10. विक्रित भूमि का क्षेत्रफल 0.0060 वर्ग मीटर
10. सड़क की स्थिति (परिशिष्ट के अनुसार): लागू नहीं
11. अन्य विवरण (9 मीटर रोड/कार्नर इत्यादि): लागू नहीं
12. सम्पत्ति की अवस्थिति: नगरीय क्षेत्र
13. पेड़ों का मूल्यांकन: लागू नहीं
14. बोरिंग/कुआ/अन्य: लागू नहीं
15. राष्ट्रीय, जनपदीय अथवा लिंक मार्ग लागू नहीं




M 231983

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

24 Feb 2010

. 2 .

16. सहकारी आवास समिति के राजस्व से सम्बन्धित है: नहीं/क्रय (विक्रय)
17. उत्तर प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या सं०क०नि०-5-2769/11-2008-500(165)/2007 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2008 के अनुसार विकास शुल्क सहित 7 प्रतिशत की दर से देय स्टाम्प अंकन 12,600/-रुपये,

विवरण विक्रित भूमि:
भूमिधरी भूमि खाता संख्या 00275 के खसरा नम्बर 1590/1 (एक हजार पांच सौ नब्बे बटा एक) रकबा 0.0060 हे० (शून्य दशमलव शून्य शून्य छः शून्य हैक्टेयर) अर्थात साठ वर्ग मीटर सम्पूर्ण, स्थित ग्राम जाटोली, परगना दौराला तहसील सरधना जिला मेरठ

- इस विक्रय पत्र पर स्टाम्प अधिनियम की धारा 27 (1) का सत्यता पूर्वक पालन किया गया है।
- विक्रेता तथा क्रेता अनुसूचित जाति से नहीं है।
- विक्रित भूमि विक्रेता/प्रथम पक्ष की पैतृक सम्पत्ति है।
- पक्षकार भारत देश के मूल नागरिक हैं।
- विक्रेता प्रथम पक्ष के परिवार के पास विक्रय की गयी भूमि सहित समस्त उत्तर प्रदेश में 18 एकड़ से अधिक भूमि नहीं है।
- क्रेता द्वितीय पक्ष के परिवार के पास क्रय की गयी भूमि सहित समस्त उत्तर प्रदेश में 12 1/2 एकड़ से अधिक भूमि नहीं है।
- विक्रित भूमि जी०टी० रोड से 400 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित है।
- विक्रित भूमि पट्टा ग्राम समाज, सीलिंग, भूदान, गर्वनमेन्ट ग्रान्ट एक्ट के अधीन दिये गये पट्टे की भूमि नहीं है।

(पत्र 1)

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

12 MAR 2010 L 184593



हम कि महकार सिंह पुत्र श्री रूपराम निवासी ग्राम जाटोली परगना दौराला तहसील सरधना जिला मेरठ विक्रेतागण/प्रथम पक्ष.

एवं

मै0 अंसल हाऊसिंग एण्ड कन्स्ट्रक्शन लि0, 15-यू.जी.एफ., 21-बाराह खम्बा रोड, नई दिल्ली, द्वारा अधिकृत श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सी0बी0 शर्मा निवासी आर जैड 162/1, शादनगर पालम कालोनी, नई दिल्ली-45 क्रेता/द्वितीय पक्ष

इस लेख द्वारा प्रमाणित करते हैं कि उपरोक्त वर्णित संक्रमणीय भूमिधरी के प्रथम पक्ष व्यक्तिगत स्वामी एवं वास्तविक अधिकारी तथा संक्रमणीय भूमिधर है तथा उपरोक्त भूमि प्रथम पक्ष विक्रेता की ओर से आज की तिथि तक प्रत्येक प्रकार के ऋण एवं भार आदि से उऋण है तथा वैधानिक त्रुटियों एवं दोषों से मुक्त एवं रहित है और प्रथम पक्ष विक्रेता को अपनी उपरोक्त भूमि को विक्रय तथा हस्तान्तरित आदि करने के समस्त स्वामित्व एवं अधिकार प्राप्त हैं। कोई वैधानिक त्रुटि अथवा दोष प्रथम पक्ष के विक्रय अधिकारों में बाधक नहीं है। प्रथम पक्ष ने उपरोक्त भूमि को किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था में बन्धक नहीं किया है तथा वह सभी प्रकार के भारों से मुक्त है। उपरोक्त भूमि प्रथम पक्ष के संक्रमणीय अधिकारों की भूमि है तथा उसका कोई काश्तकार शिकमी या साझी, जैली व काबिज नहीं है तथा मौके पर प्रथम पक्ष की काश्त मौजूद है। उपरोक्त भूमि के सम्बन्ध में आज की तिथि तक की कोई कार्यवाही एक्यूजीशन या रिक्यूजीशन आदि की किसी न्यायालय अथवा कार्यालय में विचाराधीन नहीं है। उपरोक्त भूमि नगर भूमि सीमारोपण अधिनियम 1976 के प्राविधानों के अन्तर्गत किसी भी रूप में अतिरिक्त घोषित नहीं है और उसके सम्बन्ध में धारा 10 (3) व धारा 10 (5) का कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। उपरोक्त भूमि कृषि की भूमि है तथा समस्त राजस्व अभिलेखों में कृषि के रूप में अंकित है। उपरोक्त भूमि का मूल्य अंकन

महकारसिंह

(भाग 1)

(प्रस्तुतकर्ता अथवा दावी द्वारा ... [illegible])

क्रमांक [illegible]

लेख या प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक

प्रस्तुत कर्ता या प्रार्थी का नाम

लेख का प्रकार

प्रतिफल की धनराशि

1—रजिस्ट्रीकरण शुल्क

2—प्रतिलिपिकरण शुल्क

3—निरीक्षण या तलाश शुल्क

4—मुख्तारनामा के अधिप्रमाणीकरण का शुल्क

5—कमीशन शुल्क

6—विविध

7—यात्रिक भत्ता

1 से 6 तक का योग

शुल्क प्रस्तुत करने का दिनांक

दिनांक, जब लेख प्रतिलिपि या तलाश प्रमाणपत्र वापस करने के लिये तैयार होगा

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

N 1820/2

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

12 MAR 2018 184592



1,80,000/- रूपये तय है जो अति उचित एवं वर्तमान बाजारी मूल्य के अनुकूल है। इससे अधिक मूल्य मिलने की वर्तमान समय में कोई आशा नहीं है। प्रथम पक्ष अन्य कृषि भूमि क्रय करना चाहते हैं, इसलिये इस भूमि को विक्रय कर देना उचित समझा गया है तथा विक्रय करने से सभी प्रकार से लाभ एवं भलाई दृष्टिगत है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि को उससे सम्बन्धित समस्त अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि सहित, बिना छोड़े हुए किसी स्वत्व एवं अधिकार के चाहे उनका वर्णन इस विक्रय विलेख में किया गया हो अथवा न किया गया हो, स्थिर मस्तिष्क एवं स्वस्थ इन्द्रियों की दशा में अंकन 1,80,000/- एक लाख अस्सी हजार रूपये कि आधे जिसके अंकन 90,000/- नब्बे हजार रूपये होते हैं, विक्रय मूल्य के उपलक्ष्य में हस्ते मै0 अंसल हाऊसिंग एण्ड कन्स्ट्रक्शन लि0, 15-यू.जी.एफ., 21-बारह खम्बा रोड, नई दिल्ली, द्वारा अधिकृत श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री सी0बी0 शर्मा निवासी आर जेड 162/1, राजनगर पालम कालोनी, नई दिल्ली-45 को विक्रय कर दिया और समस्त विक्रय मूल्य नकद पूर्व में ही प्रथम पक्ष विक्रेता ने द्वितीय पक्ष क्रेता से प्राप्त करके विक्रित भूमि को अपने अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकालकर क्रेता के अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि में देकर उनको व्यक्तिगत स्वामी एवं वास्तविक अधिकारी बना दिया। अब प्रथम पक्ष विक्रेता का कोई अधिकार या स्वत्व विक्रित भूमि से सम्बन्धित भविष्य के लिये शेष नहीं रहा और न होगा। वास्तविक परिवर्तन कार्यान्वित हुआ। यह विक्रय पूर्णतया उचित वैधानिक एवं मान्य है तथा प्रयोग होने योग्य है। कब्जा विक्रित भूमि का स्थल पर कतई खाली का द्वितीय पक्ष क्रेता को प्रदान कर दिया है तथा क्रेता ने विक्रित भूमि का वास्तविक एवं भौतिक अधिपत्य स्थल पर प्राप्त कर लिया है। क्रेता उपरोक्त भूमि को अपनी इच्छानुसार प्रयोग में ला सकेंगे। किसी को कोई आपत्ति न होगी। क्रेता अपना नाम राजस्व अभिलेखों में बतौर स्वामी अंकित कराने के पूर्ण अधिकारी रहेंगे यदि इस हेतु प्रथम पक्ष विक्रेता की सहमति एवं रजामन्दी प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी तो उसको प्रथम पक्ष विक्रेता समयानुसार पूर्ण रूप से पाबन्द रहेंगे। कोई आपत्ति न होगी। यदि आज

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

K 963209



की तिथि से पूर्व का कोई ड्यूज या लगान विक्रित भूमि पर बकाया पाया जायेगा तो उसको चुकता करने का भार हम विक्रेता के जिम्मे होगा और आज की तिथि के बाद समस्त ड्यूज एवं लगान को स्वयं क्रेता वहन करेंगे। कोई आपत्ति न होगी। अब विक्रेतागण का उक्त खसरा नम्बर में कोई अंश शेष नहीं रहा है। यदि अब अथवा भविष्य में विक्रित भूमि अथवा उसका कोई अंश क्रेता के अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकल जायेगा या विक्रित भूमि पर कोई ऋण या भार आदि पाया जायेगा तो ऐसी प्रत्येक वैधानिक दशा में क्रेता के विक्रय मूल्य अथवा उसका अंश जैसी स्थिति हो, मय हर्जा व खर्चा व भविष्य में लगाई लागत सहित वापिस चुकता करने का भार प्रथम पक्ष विक्रेता तथा उनके उत्तराधिकारी सहित उनकी चल व अचल सम्पत्ति समस्त प्रकार पर रहेगा। कोई आपत्ति न होगी। अतः यह विक्रय पत्र लिख दिया कि सनद हो और उचित समय पर काम आवे। इति।

दिनांक 12.03.2010 (बारह मार्च सन दो हजार दस ई0)
मसविदा: जितेन्द्र कुमार जैन, एडवोकेट, सरधना जिला मेरठ

Kumar Jain
ADVOCATE
SARDHANA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते


भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

Z 962031

नज़री नक्शा (Not to be sealed)




<u>विक्रय की गयी भूमि की 50 मीटर की त्रिज्या में स्थित सम्पत्तियों का विवरण</u>

1. नाम सड़क
2. आवासीय/वाणिज्यिक, भूमि/भवन/औद्योगिक
3. शैक्षिक/धर्मार्थ/स्वास्थ्य केन्द्र
4. औद्योगिक संस्थान/कोल्ड स्टोरेज
5. गैस गोदाम/पेट्रोल पम्प/बस अड्डा
6. होटल रेस्टोरेन्ट/मनोरंजन केन्द्र
7. सरकारी/अर्द्धसरकारी/निगमित कार्यालय
8. अन्य

घोषणा— किसी तथ्य को छिपाया नहीं गया है तथा गलत वर्णन अंकित नहीं किया गया है। उपरोक्त सूचना क्षेत्र की सामान्य जानकारी पर आधारित है।

हस्ताक्षर विक्रेता

हस्ताक्षर क्रेता

146 13/3/10 150
151

क्रेता

Registration No. : 2883 Year : 2,010 Book No. : 1

0201 पी0अंसल्स0एक्सक्लूसिव द्वारा राजेन्द्र शर्मा
स्0 40 वर्ष
आर ब्लॉक 115/71 आश्रम कलोनी नई दिल्ली 45

